भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1250
उत्तर देने की तारीख 27.07.2026

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के संबंध में संग्रहालय और स्मारक

1250. श्री शफी परम्बिल :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम को अनन्य रूप से समर्पित संग्रहालयों, स्मारकों और इंटरप्रेटेशन केंद्रों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और प्रत्येक संस्थान की स्थापना किस वर्ष हुई है और उनका प्रबंधन कौन-कौन से प्राधिकरण कर रहे हैं;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसे संग्रहालयों की स्थापना, रखरखाव और आधुनिकीकरण के लिए सरकार द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश भर में ऐसे संग्रहालयों की पर्याप्तता का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को समर्पित नए संग्रहालयों की स्थापना के लिए राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ.) सरकार द्वारा संग्रहालयों, डिजिटल प्रदर्शनियों और जन संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित संग्रहालयों, स्मारकों और विवेचना केंद्रों का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ग): जी नहीं।

(घ): ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ड.): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) आवश्यकता के अनुसार भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित संग्रहालयों और प्रदर्शनियों के रखरखाव तथा उनके स्तरोन्नयन का कार्य करता है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत के प्रति बच्चों और युवाओं में जागरूकता पैदा करने के लिए, एएसआई स्थानीय स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों और धरोहर हितधारकों के सहयोग से स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, विश्व धरोहर दिवस और सप्ताह तथा अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करता है।

इसके अलावा, भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए संस्कृति मंत्रालय के संग्रहालयों में कार्यक्रमों के अनुसार वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों/प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है।

अनुलग्नक

'भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के संबंध में संग्रहालय और स्मारक' के संबंध में दिनांक 27 जुलाई, 2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1250 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, दिल्ली द्वारा संचालित संग्रहालय

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	**संग्रहालय का नाम**	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**स्थापना वर्ष**	**वित्तीय वर्ष**	**व्यय**
01	सेंट फोर्ट जॉर्ज संग्रहालय, चेन्नई	तमिलनाडु	1948	2021-2022	19.099
				2022-2023	61.899
				2023-2024	30.00
				2024-2025	30.35
				2025-2026	35.049
02.	1857 स्मारक संग्रहालय, रेजीडेंसी, लखनऊ	उत्तर प्रदेश	1970	2021-2022	78.353
				2022-2023	98.428
				2023-2024	109.095
				2024-2025	123.073
				2025-2026	28.169
03.	1857 – भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम	दिल्ली	2019	2021-2022	225.42
04.	याद -ए- जलियां			2022-2023	247.94
05.	नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आईएनए			2023-2024	279.67
06.	आज़ादी के दीवाने			2024-2025	170.10
				2025-2026	528.96
07.	महात्मा गांधी से संबंधित संग्रहालय, आगा खान पैलेस, पुणे	महाराष्ट्र	2019	गांधी स्मारक सोसाइटी द्वारा एएसआई संरक्षित स्मारक के भीतर एक स्थायी प्रदर्शनी का विकास और रखरखाव किया गया था।	

- **राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), कोलकाता**

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	**विवरण**	**राज्य**	**स्थापना वर्ष**	**प्रबंधन संस्थान**	**वित्तीय वर्ष**	**व्यय**
01	**यूनाइटिंग इंडिया: सरदार पटेल''** नामक स्थायी प्रदर्शनी, अत्यधिक इंटरैक्टिव डिजिटल गैलरी है।	दिल्ली	2016	राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली	2021-22	17.03
					2022-23	20.14
					2023-24	2.95
					2024-25	-
					2025-26	-
02	**'गांधीपीडिया'** एक एआई-सक्षम डिजिटल रिपॉजिटरी और इंटरैक्टिव वेब पोर्टल है जो महात्मा गांधी के जीवन, दर्शन और पूरे साहित्य के लिए समर्पित है।	पश्चिम बंगाल गुजरात	2023	आईआईटी खड़गपुर और आईआईटी गांधीनगर के सहयोग से एनसीएसएम।	2021-22	16.57
					2022-23	3.63
					2023-24	5.13
					2024-25	45.00
					2025-26	-
03	महात्मा गांधी के जीवन और कार्यों पर आधारित **राष्ट्रपिता: एक डिजिटल श्रद्धांजलि** डिजिटल प्रदर्शनी शीर्षक है	पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, आंध्र प्रदेश, गोवा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा।	2020 यह प्रदर्शनी 10 नवंबर, 2020 से 30 जनवरी, 2021 तक 14 एनसीएसएम इकाइयों में आयोजित की गई थी।	विज्ञान प्रसार, डीएसटी और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से एनसीएसएम	2021-22	904.01
					2022-23	-
					2023-24	-
					2024-25	-
					2025-26	-
04	**'गांधी और विज्ञान'** पर अस्थायी प्रदर्शनी	पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, असम	2019	एनसीएसएम	-	
05	'महात्मा गांधी: जीवन और कार्य' पर राष्ट्रीय स्तर का क्विज़: 150 वर्ष स्मरणोत्सव के भाग के रूप में	पश्चिम बंगाल	2019 (30.01.2019)	एनसीएसएम	-	

- **विक्टोरिया मेमोरियल हॉल, कोलकाता**

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	गैलरी का नाम	स्थापना वर्ष	गैलरी का विवरण	व्यय
1.	**बिप्लोबी भारत गैलरी**	**2022**	आज़ादी का अमृत महोत्सव' मनाया और 'शहीद दिवस' के अवसर पर, तथा 'बिप्लोबी भारत गैलरी' - जो भारत के क्रांतिकारी राष्ट्रवादियों पर आधारित एक नई गैलरी है	268.00
2.	**महान भारतीय समाज सुधारकों की गैलरी**	**2024**	'महान भारतीय समाज सुधारक' नामक एक गैलरी। यह गैलरी राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, महात्मा गांधी, डॉ. बी.आर. अंबेडकर, स्वामी विवेकानंद, पंडित मदन मोहन मालवीय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और रवींद्रनाथ टैगोर जैसे महान भारतीय समाज सुधारकों के चित्रों को प्रदर्शित करती है।	

- **इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश**

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	गैलरी का नाम	स्थापना वर्ष	गैलरी का विवरण	वित्तीय वर्ष	व्यय
	आज़ाद गैलरी	**2023**	भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए विशेष रूप से समर्पित	2021-22	-
				2022-23	4.684
				2023-24	1.977
				2024-25	9.273
				2025-26	1.055

नेताजी जी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती का स्मरणोत्सव

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	संस्थाओं/संगठनों का नाम	राज्य	वित्तीय वर्ष	स्मरणोत्सव का नाम	उद्देश्य	कुल स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	कला एवं संस्कृति विभाग, मणिपुर सरकार	मणिपुर	2023-24	नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती	नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में आईएनए शहीद युद्ध स्मारक परिसर मोरियांग के विकास के लिए	1383.29	909.14
2.	यंग इंडिया, कोणार्क, पुरी, ओडिशा	ओडिशा	2023-24		नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्मणोत्सव के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में ओडिशा में सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सामुदायिक मीडिया केंद्र का निर्माण	587.96	440.97
3.	कला और संस्कृति विभाग, नागालैंड सरकार	नागालैंड	2023-24 2025-26		सुभाष चंद्र बोस और आईएनए की स्मृति में नागालैंड के फेक जिले के रुज़ाझो गांव में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल पार्क के निर्माण के लिए	1000.00	750.00
4.	कला और संस्कृति विभाग, नागालैंड सरकार	नागालैंड	2023-24		टीज़ू आइलैंड कंपाउंड, अखाहू, ज़ुन्हेबोटो, नागालैंड में नेताजी सुभाष बोस ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए	800.00	400.00
5.	कला और संस्कृति विभाग, नागालैंड सरकार	नागालैंड	2022-23		किग्वेमा, कोहिमा जिला, नागालैंड में नेताजी सुभाष मेमोरियल हॉल इंडोर स्टेडियम, का निर्माण	830.00	800.00

*****